

पाक्षिक

खबर आस पास
RNI REGISTERED

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : गुरूवार 10 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


## अलवर में मिठाई के डिब्बों में निकले 500-500 के नोट



**जयपुर।** राजस्थान में निकाय चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के अंतिम दिन सीएम भजनलाल शर्मा ने जयपुर में रोड शो किया। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने जयपुर सहित प्रदेश में लव जिहाद की समस्या खत्म कर दी। हमने जो ढाई साल में काम किया है, उससे कांग्रेस के दर्द होने लगा है। इधर, अलवर में मंगलवार रात वार्ड 42 में एक कार में से लोग मिठाई के डिब्बे उतार रहे थे। इसी दौरान वहां भीड़ इकट्?ठा हो गई। भीड़ ने डिब्बे खोले तो मिल्ककेक के साथ 500-500 रुपए के नोट थे। पुलिस ने डिब्बों को जब्त कर लिए। अजमेर दक्षिण के वार्ड नंबर 20 में चुनाव प्रचार के दौरान अलग ही नजारा देखने को मिला। भाजपा प्रत्याशी राजेश शर्मा के समर्थन में जनसंपर्क करने पहुंचीं विधायक अनिता भदेल ने बुजुर्ग महिला वोटर के साथ डांस किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने सांगानेरी गेट से त्रिपोलिया गेट तक रोड शो किया। इस रोड शो के जरिए सीएम ने तीन विधानसभा क्षेत्र के करीब 20 वार्डों में बीजेपी का प्रचार किया।

# 18 निकायों में 86.54% मतदान

( खबर आस पास )



**जयपुर।** जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 नगर निकायों के लिए बुधवार को हुए मतदान में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कुल 3 लाख 90 हजार 378 मतदाताओं में से 3 लाख 37 हजार 835 ने मतदान किया। इस तरह कुल मतदान 86.54 प्रतिशत रहा। करीब 52,543 मतदाता वोट डालने बूथ तक नहीं पहुंचे।

सबसे ज्यादा मतदान कालाडेरा नगर पालिका में हुआ। यहां 10,674 मतदाताओं में से 9,521 ने वोट डाला, जो 89.20 प्रतिशत रहा। इसके बाद दूदू में 89.04प्रतिशत, बस्सी में 88.92 प्रतिशत और बाक्सू में 88.75त्न मतदान हुआ। सबसे कम मतदान सांभर में 80.65त्न रहा। फुलेरा में 80.99त्न और किशनगढ़ रेनवाल में 83.41त्न मतदान हुआ। सुबह धीमी, दोपहर बाद तेजी से बढ़ा मतदान 18 नगर निकायों में सुबह 10 बजे तक मतदान की रफ्तार धीमी रही। इस समय तक केवल 29.47त्न मतदाताओं ने वोट डाला था। इसके बाद मतदाताओं की आवाजाही बढ़ी और दोपहर 1 बजे तक मतदान प्रतिशत 58.29त्न पहुंच गया। दोपहर 3 बजे तक यह 72.66त्न हो गया। शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने तक कुल 86.54त्न मतदान दर्ज किया गया।

**विजय जुलूस पर 25 सितंबर तक रोक**-चुनाव के चलते पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में किसी भी तरह के विजय जुलूस पर रोक लगा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत 13 से 25 सितंबर तक विजय जुलूस, रैली और सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया है। पुलिस प्रशासन ने धारा-163 के आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## अब राजधानी की बारी, 2,204 पुलिस बूथों पर संभालेंगे मोर्चा

**जयपुर** नगर निगम चुनाव को लेकर प्रचार बुधवार शाम थम गया। गुरुवार को मतदान होगा। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2,204 पुलिस बूथ बनाए गए हैं। पुलिसकर्मियों को दो पारियों में रवाना किया गया है। पहली पारी के मतदान दलों को बुधवार सुबह 7 बजे बुलाया गया था। इसमें विद्याधर नगर के 298, झोटवाड़ा के 243, हवामहल के 241, सांगानेर के 264 समेत कई क्षेत्रों के मतदान दल शामिल रहे। दूसरी पारी के मतदान दलों को भी बुधवार सुबह बुलाया गया। मतदाता अपनी सुविधा के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मतदाता सूची में नाम और मतदान केंद्र की जानकारी देख सकते हैं।

### छात्र को नोटिस देने पर मजिस्ट्रेट को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## 'नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे हुई'

### छात्र को कार्रवाई का नोटिस देने पर सीजेआई सूर्यकांत नाराज



( खबर आस पास )

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित 'कॉकरोच जनता पार्टी' के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रचार करने वाले विधि छात्र को नोटिस जारी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सवाल उठाया कि जब अदालत ने छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा रखी थी, तो मजिस्ट्रेट ने नोटिस कैसे जारी कर दिया।

**नोटिस वापस लेने के बावजूद कोर्ट ने जताई नाराजगी**

मामला दूसरे वर्ष के विधि छात्र अक्षत त्रिपाठी से जुड़ा है। ग्रेटर नोएडा के कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126/135 के तहत 4 सितंबर को उन्हें नोटिस जारी किया था। पुलिस रिपोर्ट में छात्र पर अन्य विद्यार्थियों को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए उकसाने और सरकार विरोधी बातें फैलाने का आरोप लगाया गया था। हालांकि बाद में नोटिस वापस ले लिया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वजीत भट्टाचार्य ने मामले को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष उठाते हुए इसे अदालत के आदेश की अवमानना बताया।

**'हमने साफ कहा था, कार्रवाई नहीं होगी'**

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अदालत ने 1 सितंबर के देशव्यापी निर्देश में छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक स्पष्ट की थी। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश का उल्लंघन कैसे कर सकता है न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने भी पूछा कि नोटिस वापस लिए जाने के बाद अब कार्रवाई का आधार क्या बचता है। सीजेआई ने मामले को याचिका के माध्यम से रिकॉर्ड पर लाने को कहा और संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण लेने की बात कही।

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में अंग्रेजी विषय की नियुक्तियों पर रोक

### हाईकोर्ट ने आरपीएससी से मांगा जवाब; फाइनल आंसर-की जारी किए बिना इंटरव्यू कराने पर उठे सवाल

( खबर आस पास )



**जयपुर।** असिस्टेंट प्रोफेसर कॉलेज शिक्षा भर्ती-2025 में अंग्रेजी विषय के पदों पर नियुक्ति देने पर राजस्थान हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। न्यायाधीश गणेशराम मीणा की अदालत ने संजय आशिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। हालांकि अदालत ने राजस्थान लोक सेवा आयोग को भर्ती प्रक्रिया आगे जारी रखने की अनुमति दी है। कोर्ट ने उच्च शिक्षा सचिव और राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के सचिव से जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया कि आरपीएससी ने मॉडल उत्तर कुंजी में विवादित प्रश्नों पर दर्ज आपत्तियों का निस्तारण किए बिना ही साक्षात्कार शुरू कर दिए। फाइनल उत्तर कुंजी भी जारी नहीं की गई। याचिकाकर्ता का कहना था कि विवादित प्रश्नों का निस्तारण किए बिना नियुक्तियां होने पर चयनित अभ्यर्थियों के पक्ष में तीसरे पक्ष के अधिकार बन जाएंगे। अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने कोर्ट को बताया कि आरपीएससी ने 18 सितंबर 2025 को अंग्रेजी सहित 30 अन्य विषयों में सहेयक आचार्य पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ता ने अंग्रेजी विषय में आवेदन किया था। याचिका के अनुसार लिखित परीक्षा के सामान्य प्रश्नपत्र के 15, अंग्रेजी के प्रथम प्रश्नपत्र के 4 और द्वितीय प्रश्नपत्र के 7 सवालों पर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। आरोप है कि आयोग ने इन आपत्तियों का निस्तारण किए बिना और अंतिम उत्तर कुंजी जारी किए बिना साक्षात्कार शुरू कर दिए। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सामान्य प्रश्नपत्र के 15 विवादित सवालों का असर अन्य विषयों के अभ्यर्थियों पर भी पड़ सकता है।

## भारत रत्न वैज्ञानिक प्रो. सीएनआर राव को मिला नोटिस, नाम में अतिरिक्त 'एफ' बनी वजह



**बेंगलुरु।** भारत रत्न से सम्मानित प्रख्यात वैज्ञानिक प्रोफेसर सीएनआर राव को कर्नाटक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नाम की वर्तनी में अंतर के कारण सुनवाई के लिए नोटिस मिला है। वर्ष 2002 की मतदाता सूची में उनका नाम 'प्रो. सी.एन.आर. राव' दर्ज है, जबकि वर्तमान सूची में नाम 'प्रोफ सी.एन.आर. राव' लिखा हुआ है।

नाम में अतिरिक्त 'एफ' को लेकर यह अंतर सामने आया है। नोटिस के तहत 92 वर्षीय प्रो. राव को मल्लेश्वरम स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के पास निर्धारित स्थान पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा गया है। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में पुराने और वर्तमान मतदाता रिकॉर्ड के बीच नाम संबंधी अंतर मिलने पर ऐसे मामलों में सुनवाई की जाती है। प्रो. सीएनआर राव बेंगलुरु में जन्मे देश के प्रमुख वैज्ञानिकों में शामिल हैं। उन्हें वर्ष 2014 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। वे यह सम्मान पाने वाले तीसरे वैज्ञानिक हैं। इसी तरह की नाम संबंधी वर्तनी की गड़बड़ी अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के रिकॉर्ड में भी सामने आई थी।

### जोधपुर में भारत-जापान संयुक्त हवाई अभ्यास

## राजस्थान के आसमान में गरजेंगे तेजस, सुखोई और राफेल

**22 सितंबर तक चलेगा 'वीर गार्जियन'; जापान के एफ-2ए के साथ भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान भरेंगे उड़ान**

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जोधपुर में बुधवार से भारत और जापान की संयुक्त सैन्य ताकत का प्रदर्शन होगा। नौ से 22 सितंबर तक आयोजित संयुक्त हवाई अभ्यास 'वीर गार्जियन' में जापान के एफ-2ए लड़ाकू विमानों के साथ भारतीय वायुसेना के तेजस, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय वायुसेना और जापान एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर इस द्विपक्षीय हवाई अभ्यास में शामिल होंगी। 14 दिवसीय अभ्यास में दोनों देशों के वायु योद्धा उन्नत परिचालन अभियानों को अंजाम देंगे। इससे दोनों वायु सेनाओं के बीच



आपसी तालमेल और परिचालन क्षमताओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

**रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती**

'वीर गार्जियन' भारत और जापान के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को भी दर्शाएगा। अभ्यास के दौरान सामरिक दक्षता और आपसी तालमेल बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा। इससे दोनों देशों की वायु सेनाओं को एक-दूसरे की परिचालन प्रक्रियाओं और क्षमताओं को समझने का अवसर मिलेगा।

**पोखरण में 'ड्रोनथॉन-2026'**

इसी बीच भारतीय वायुसेना जैसलमेर के पोखरण क्षेत्र में 14 से 16 सितंबर तक 'ड्रोनथॉन-2026' का आयोजन करेगी। इसका उद्देश्य घरेलू निर्माताओं को ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों के प्रदर्शन तथा अपनी क्षमताएं दिखाने का अवसर देना है। अभ्यास के दौरान विभिन्न स्वदेशी तकनीकों और उनकी परिचालन क्षमता का आकलन भी किया जाएगा।

## बंगाल में भाजपा विधायक रेखा पात्र पर किसान परिवार को खेत से जबरन हटाने का आरोप

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज से भाजपा विधायक रेखा पात्र जमीन विवाद को लेकर विवादों में घिर गई हैं। किसान परिवार ने आरोप लगाया है कि विधायक ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर उन्हें उनकी जमीन से जबरन हटाने की कोशिश की और अदालत के निर्देशों की भी अवहेलना की। घटना से जुड़ा एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। रेखा पात्र का पैतृक घर संदेशखाली इलाके में है। यहां करीब नौ बीघा जमीन को लेकर उनके परिवार और पड़ोसी सुभाष नस्कर के परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष इस मामले में अदालत की शरण ले चुके हैं। सुभाष के परिवार का दावा है कि वे अदालत के निर्देश के अनुसार जमीन पर खेती कर रहे हैं और इसके समर्थन में उनके पास संबंधित दस्तावेज भी हैं।

### पानी विवाद में मंत्री की अभद्र टिप्पणी

## 'उसे चप्पलों से मारो', कर्नाटक के मंत्री ने भाजपा विधायक पर की अभद्र टिप्पणी; कैमरे में कैद हुआ बयान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री एसएस मल्लिकार्जुन का भाजपा विधायक बीपी हरीश के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए वीडियो सामने आया है। घटना भद्रा जलाशय से सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर किसानों के साथ बातचीत के दौरान हुई।

**किसानों से बातचीत के दौरान बिगड़ा माहौल**

हरिहर क्षेत्र के किसानों का एक समूह सिंचाई के लिए भद्रा जलाशय से पानी की मांग को लेकर मंत्री से मिलने पहुंचा था। किसानों ने बताया कि वे विधायक हरीश की सलाह पर अपनी समस्या लेकर आए हैं। इसी दौरान मंत्री नाराज हो गए और विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। किसानों ने कहा कि पीने और मवेशियों के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं है। जब वे विधायक हरीश से समस्या बताते हैं तो वह उन्हें मंत्री से मिलने की सलाह देते हैं। इस पर मंत्री ने विधायक के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए ग्रामीणों से उन्हें 'चप्पलों से मारने' की बात कही। उन्होंने किसानों से विधायक को 'अन्ना' कहकर सम्मान नहीं देने को भी कहा।


**विधायक हरीश ने जताई नाराजगी**

मंत्री की टिप्पणी पर भाजपा विधायक बीपी हरीश ने कहा कि किसानों की समस्याएं सुनने के बजाय उनके बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि जनता इस व्यवहार का जवाब देगी। विधायक ने आरोप लगाया कि किसानों की पानी संबंधी समस्या का समाधान करने के बजाय मंत्री ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की।

### भाजपा को चुनावी फंड और खर्च का ब्योरा

## बंगाल-असम समेत पांच राज्यों के चुनाव के लिए भाजपा को मिले 1,473 करोड़

**आयोग को सौंपा खर्च का हिसाब**



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के लिए कुल 1,472.8 करोड़ रुपये का फंड मिला। चुनाव आयोग को सौंपे गए खर्च के ब्योरे के अनुसार, पार्टी ने असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुल करीब 160 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

**असम में सबसे ज्यादा खर्च**

भाजपा ने सबसे अधिक 96.3 करोड़ रुपये असम में खर्च किए। इसके बाद तमिलनाडु में 51.6 करोड़ और पुडुचेरी में 11.9 करोड़ रुपये खर्च हुए। पार्टी ने इन तीनों राज्यों में आम चुनाव प्रचार पर करीब 130.4 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 29.6 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को एकमुश्त भुगतान और उनके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रचार पर खर्च किए गए। असम में अकेले स्टार प्रचारकों की यात्रा पर 27.3 करोड़ रुपये, विज्ञापन पर 37 करोड़ और प्रचार सामग्री पर 8.9 करोड़ रुपये खर्च हुए। उम्मीदवारों को करीब 19.4 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान किया गया।

**पश्चिम बंगाल और केरल का ब्योरा बाकी**

चुनाव आयोग ने अभी पश्चिम बंगाल और केरल में भाजपा के चुनावी खर्च का विवरण सार्वजनिक नहीं किया है। पार्टी के अनुसार, 15 मार्च 2026 को उसका शेष कोष 6,722.6 करोड़ रुपये था, जो 6 मई को चुनाव खत्म होने के समय बढ़कर 7,627.2 करोड़ रुपये हो गया। तमिलनाडु में भाजपा ने आम प्रचार के लिए 44.5 करोड़ और उम्मीदवारों पर करीब 7 करोड़ रुपये खर्च किए।

### मोदी टिप्पणी मानहानि मामले में राहुल को झटका

## 'चोरों का सरदार' टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को झटका, समन रद्द करने से हाई कोर्ट का इनकार

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर 'चोरों का सरदार' टिप्पणी करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली। अदालत ने 2019 में मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी।

**मजिस्ट्रेट के आदेश में नहीं मिली खामी**

न्यायमूर्ति एनआर बोरकर की एकल पीठ ने कहा कि मजिस्ट्रेट के आदेश में ऐसी कोई गड़बड़ी या गैरकानूनी बात नहीं मिली, जिसके आधार पर हाई कोर्ट हस्तक्षेप करे। अदालत ने इसी आधार पर राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी ने गिरगांव मजिस्ट्रेट के 28 अगस्त 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में उनके खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। शिकायत भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले एमएच श्रीश्रीमल ने दर्ज कराई थी।

**राफेल सौदे को लेकर की थी टिप्पणी**

शिकायत के अनुसार, राहुल गांधी ने सितंबर 2018 में राजस्थान की एक जनसभा में राफेल लड़ाकू विमान सौदे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी की थी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल ने अपने सामाजिक माध्यम खाते पर प्रधानमंत्री को 'कमांडर-इन-चीफ' कहने वाला वीडियो साझा किया था।

### पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चेतावनी की मांग

## पैकेट पर साफ दिखे 'ज्यादा चीनी-नमक-फैट' की चेतावनी चाहते हैं उपभोक्ता

**सर्वे में 88 प्रतिशत ने कहा-छह महीने में लागू हों नियम**



**नई दिल्ली।** पैकेटबंद खाद्य और पेय पदार्थों में चीनी, नमक या संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होने पर इसकी स्पष्ट जानकारी पैकेट के सामने ही देने की मांग बढ़ रही है। लोकल सर्कल्स के सर्वे में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने कहा कि इनमें से किसी एक की मात्रा भी तय सीमा से अधिक होने पर चेतावनी अनिवार्य होनी चाहिए।

**88 ने मांगा बड़ा और स्पष्ट चेतावनी लेबल**

सर्वे में 23,516 प्रतिक्रियाएं मिलीं। इनमें 88 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने कहा कि चेतावनी लेबल इतना बड़ा और स्पष्ट होना चाहिए कि उसे पैकेट के सामने से आसानी से पढ़ा जा सके। वहीं 20,525 लोगों में से 53 प्रतिशत ने कहा कि चेतावनी केवल मिलाई गई सामग्री पर नहीं, बल्कि उत्पाद में मौजूद चीनी, नमक और संतृप्त वसा की कुल मात्रा के आधार पर होनी चाहिए। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में पैकेट के सामने चित्र आधारित चेतावनी देने का प्रस्ताव रखा था। इसमें लाल षट्भुज में 'ज्यादा चीनी', 'ज्यादा नमक' और 'ज्यादा फैट' जैसी चेतावनी देने का प्रावधान प्रस्तावित है।

**दूसरे चरण का इंतजार नहीं चाहते उपभोक्ता**

प्रस्तावित व्यवस्था के पहले चरण में चेतावनी उन उत्पादों पर लागू होगी, जिनमें चीनी, नमक और संतृप्त वसा में से कम से कम दो की मात्रा तय सीमा से अधिक होगी। सर्वे में उपभोक्ताओं ने कहा कि केवल एक सामग्री अधिक होने पर भी चेतावनी दी जानी चाहिए। नियम लागू करने की समय-सीमा पर 20,068 लोगों में से 88 प्रतिशत ने छह महीने के भीतर नई व्यवस्था लागू करने की मांग की।

# शहर की सरकार को चुनने को दिखा उत्साह, शहर में 68.71 प्रतिशत मतदान, कई जगह हुआ हंगामा


















### ईवीएम के खराब होने की दिन भर रही शिकायतें

**बीकानेर (खबर आस पास)** । शहर की सरकार को चुनने के लिये करीब 79 वार्डों में बुधवार सुबह 7 बजते ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई। वोटर्स पोलिंग बूथ पर पहुंचे और अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर रहे हैं। शहर के कुछ केंद्रों पर सुबह ही लाइन लगी नजर आई,जबकि कई वार्डों में शुरुआत में वोटर्स की संख्या काफी कम दिखाई। कई बूथ ऐसे भी रहे,जहां ईवीएम मशीनें खराब होने से एक से दो घंटे बाद वोटिंग शुरू हुई। बताया जा रहा है कि वार्ड 32,वार्ड 74,75 में देरी से मतदान शुरू हुआ तो वार्ड 50 में करीब आधे घंटे मतदान रूका रहा। तो वार्ड 47 में फर्जी वोटिंग की सूचना सामने आई है।

**वार्ड 74 और 75 नंबर बूथ पर हंगामा**

जानकारी मिली है कि वार्ड 74 के बूथ मोहता भवन में करीब एक घंटे तक मशीन शुरू नहीं होने तथा वार्ड 58 के एम एम स्कूल व 75 के जनेश्वर भवन में करीब दो घंटे से ज्यादा मशीन खराब होने से शुरू नहीं हुए मतदान के कारण मतदाताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। लोगों का क हना था कि मशीनों का प्रशिक्षण लेने के बाद भी यहां मतदान दल को मशीन ऑपरेट करनी नहीं आई। मशीनों के खराब होने के बावजूद भी सजगता नहीं दिखाई गई। ऐसे लग रहा था कि सरकार के दबाव में आरओ व एसओ काम कर रहे है। वहीं वार्ड 50 के बूथ संख्या 6 पर बीच मतदान मशीन खराब हो गई। वार्ड 32 में भी आधे घंटे मशीन नहीं चलने से मतदान में बाधा उत्पन्न हुई। लोगों ने जानबूझकर मशीनें खराब करने की शिकायतें लोग करते नजर आएं।

**दोपहर तक पचास प्रतिशत से ज्यादा पड़े वोट**

बीकानेर में मतदान की शुरुआत जरूर धीमी रही है। लेकिन धीरे धीरे मतदान का प्रतिशत बढने लगा। शुरूआती दो घंटे में जहां 10 प्रतिशत ही वोट पड़े। वहां दोपहर बाद प्रतिशत बढ़ पचास से उपर पहुंच गया। यहां बड़ी संख्या में नए वोटर भी मतदान के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल,पूर्व मंत्री डॉ बी डी कल्ला,बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, विधायक सिद्धिकुमारी सहित अन्य नेताओं ने मतदान किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने मतदान किया। वार्ड नंबर 44 भाग 2 राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय नत्थूसर बास में मतदान किया।

**80 वार्डों में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला**

राजनीतिक पार्टियों के साथ ही कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी भी पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में हैं। बीकानेर के 80 वार्डों में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। हालांकि,मेयर बनाने में निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका भी अहम हो सकती है।

**6 नगर पालिकाओं में 11 सितंबर को मतदान**

बीकानेर जिले की 6 नगर पालिकाओं के लिए 11 सितंबर को मतदान होगा। सभी निकायों की मतगणना 14 सितंबर को होगी।

**7 साल बाद नई सरकार के लिए दिग्गजों की साख दांव पर**

नगर निगम की नई सरकार चुने जाने के लिए बुधवार को होने वाले मतदान को लेकर पूरे शहर का सियासी पारा अपने चरम पर है। करीब 7 साल के लंबे अंतराल के बाद नगर निगम के चुनाव हो रहे हैं। यूं तो निगम के 79 वार्डों पर पूरे शहर और राजनीतिक दलों की पैनी नजर टिकी हुई है। हैरानी की बात यह है कि जिन वार्डों को सबसे सुरक्षित या वीआईपी समझकर दिग्गजों ने अपनी जमीन मजबूत मान ली थी जमीनी स्तर पर वहीं हालात सबसे ज्यादा उलझे हुए हैं। इन सीटों पर दिग्गजों को पार्टी के भीतर से उठ रहे बागियों की बगावत का सामना करना पड़ रहा है तो क हीं सीधा और कड़ा मुकाबला त्रिकोणीय संघर्ष में बदल गया है।कांग्रेस खेमे से कई बड़े और कद्दावर चेहरे चुनावी मैदान में उतरे हैं, लेकिन उनके सामने अपनों की नाराजगी और विपक्षी दलों की रणनीतियों ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। भाजपा में भी टिकट से पहले जो वार्ड सबसे ज्यादा सुरक्षित माने जा रहे थे अब उन्हीं वार्डों में एक-एक वोट की कीमत इतनी बढ़ गई कि प्रत्याशी मुश्किल में फंस गए हैं। क्षेत्र में मिल रही चुनौती और वोटर का शांत होना प्रत्याशियों को डरा रहा है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

बीकानेर श्रेयांस बैद,9 सितंबर। जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने जिला उद्योग केंद्र और जैन पीजी कॉलेज स्थित मतदान केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने मतदान शुरुआत होने के साथ ही विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने निर्वाचन से जुड़ी व्यवस्था को देखा और मतदान कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी मतदाता को मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना करते हुए पूरी प्रकिया की जाए।

**जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीकानेर विकास प्राधिकरण परिसर में स्थापित जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में प्राप्त परिवादों की जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक क्वेरी का तत्काल निस्तारण किया जाए। नियंत्रण कक्ष पूर्ण मुस्तैद रहे।

इस दौरान नगर निगम की रिटर्निंग अधिकारी रीना, बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव हेमेन्द्र नागर, नियंत्रण कक्ष प्रभारी एल डी पंवार आदि मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत नाल बड़ी में विकास कार्यों एवं अभिलेखों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)** । जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने मंगलवार को ग्राम पंचायत नाल बड़ी का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में करवाए गए विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में गत वर्षों में लगाए गए पौधों का भी निरीक्षण किया। पौधों की अच्छी ग्रोथ एवं देखभाल देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस वर्ष ग्राम पंचायत क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण करवाने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से बढ़ावा देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न अभिलेखों एवं रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया गया। पांडे ने रिकॉर्ड के संधारण एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी राम निवास सिवाल को ग्राम पंचायत की निजी आय बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास करने को कहा, ताकि पंचायत के पास उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए स्थानीय विकास कार्यों को गति दी जा सके। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पहुंचाने के साथ कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति बीकानेर के सहायक अभियंता अभिनव भादू, सहायक विकास अधिकारी लालचंद परिहार, जिला परिषद के सहायक लेखाधिकारी ओम प्रकाश तथा कनिष्ठ सहायक ओम प्रकाश सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

## वार्ड 28 में भाजपा नेता पर मारपीट करने व धमकीया देने का आरोप

**बीकानेर(खबर आस पास)**। निकाय चुनावों को लेकर शहर में वोटिंग जारी है कई जगहों पर छूटपूट घटनाओं के साथ शांतिपूर्वक मतदान चल रहे है। इसी बीच वार्ड 28 से एक वीडियों सामने आया जिसमें एक युवक भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन सुराणा व उसके भतीजे पर गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार करीब साढ़े बारह बजे गंगाशहर क्षेत्र से मतदान केन्द्र पर हंगामा हो जाने की खबर सामने आई है। इस सम्बंध में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जो कि वार्ड 28 का बताया जा रहा है। जिसमें सुधीर लूणावत ने वीडियो में बताया कि भाजपा नेता ने उसके साथ वार्ड प्रत्याशी के प्रतिनिधि ने उसके साथ बहसबाजी की और धमकी दी। लूणावत ने बताया कि भाजपा नेता के भतीजे ने उसके साथ मारपीट की।

## पर्युषण के दूसरे दिन स्वाध्याय दिवस पर महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल में उमड़ा श्रावक-श्राविकाओं का जनसैलाब








**मुंबई, (खबर आस पास)**। पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन स्वाध्याय दिवस के अवसर पर महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल, कालबादेवी में धर्माराधना का विशेष वातावरण देखने को मिला। प्रात:कालीन प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित होकर स्वाध्याय एवं धर्माराधना का लाभ लिया।

कार्यक्रम का मंगलाचरण श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, दक्षिण मुंबई द्वारा किया गया। मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का आध्यात्मिक शुभारंभ हुआ और पूरा परिसर धर्ममय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। दक्षिण मुंबई के साथ-साथ दादर, परेल एवं एलफिंस्टन क्षेत्र के तेरापंथ समाज से भी अनेक श्रावक-श्राविकाएं विशेष रूप से प्रवचन का लाभ लेने के लिए महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल पहुंचे।

स्वाध्याय दिवस के उपलक्ष्य में शासनश्री साध्वी श्री कंचनप्रभाजी ने कहा- स्वाध्याय अपने आपको देखने का हिन है। स्वाध्याय के साथ अगर विचार व्यवहार जुड़ जाता है तो अपने आप एक नवीन जीवन शैली प्रतिष्ठित होती है, तथा मन आत्म उपलब्धि की और चला जाता है।

शासनश्री साध्वीश्री मंजूरेखाजी ने कहा - स्वाध्य के साथ अगर अनुप्रेक्षा का क्रम बन जाता है तो अपने आप समज में आ जाता है कि जीवन में खोया क्या पाया।

स्वाध्याय क्या है? इस विषय पर साध्वीश्री निर्भयप्रभाजी ने विचार व्यक्त किए। शासन श्री साध्वीश्री मंजुरेखाजी, उदितप्रभाजी, निर्भयप्रभाजी तथा चेलनाश्रीजी ने, सुमधुर गीत के द्वारा माहोल को स्वाध्यायमय बना दिया। स्वाध्याय दिवस के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं ने आत्मचिंतन, ज्ञानाराधना एवं आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। पर्युषण के इन पावन दिनों में बड़ी संख्या में समाजजनों की सहभागिता से आयोजन की आध्यात्मिक गरिमा और अधिक बढ़ी। समाचार प्रेषक नितेश धाकड़ एवं दर्शन डागलिया।

## तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क के भव्य शुभारंभ का बैनर अनावरण : दक्षिण मुंबई




**मुंबई, (खबर आस पास)**। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के निर्देशन में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, मुंबई द्वारा तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क आयाम का आगामी 25 अक्टूबर को विधिवत एवं भव्य शुभारंभ किया जाएगा। इसी महत्वपूर्ण आयोजन के पूर्व आज महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल, कालबादेवी में तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क के शुभारंभ से संबंधित बैनर का अनावरण किया गया।

बैनर अनावरण का कार्यक्रम शासनश्री साध्वीश्री कंचनप्रभाजी, शासनश्री साध्वीश्री मंजूरेखाजी आदि ठाणा-5 के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। मुंबई सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणपत डागलिया द्वारा बैनर का अनावरण किया गया।

तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क का उद्देश्य तेरापंथ समाज के व्यवसायियों एवं उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करते हुए आपसी परिचय, संपर्क, सहयोग एवं व्यावसायिक समन्वय को बढ़ावा देना है। यह आयाम समाज के व्यापारिक एवं उद्यमशील युवाओं तथा व्यवसायियों को एक-दूसरे से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

इस अवसर पर किशन डागलिया, कुंदन धाकड़, सुरेश डागलिया, देवेंद्र डागलिया, गिरीश शिसोदिया, सुमित सुराना, नरेंद्र मुनोत, श्रेयांश मुनोत, लक्ष्मीलाल डागलिया, किशन राठौड़, नितेश धाकड़ एवं रवि डोसी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

आगामी 25 अक्टूबर को होने वाले तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क के भव्य शुभारंभ को लेकर समाज में उत्साह का वातावरण है। इस आयाम के माध्यम से तेरापंथ समाज के व्यवसायिक समुदाय को नई दिशा, नए संपर्क और सहयोग के नए अवसर मिलने की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है।

## संगठित हिंदू समाज ही सुरक्षित और संस्कारित समाज का आधार : भूपेश वैष्णव



**मोमासर (खबर आस पास)**। विश्व हिंदू परिषद मोमासर प्रखंड की बैठक आज भोमिया जी मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, हिंदू समाज की एकजुटता तथा आने वाली पीढ़ी को संस्कारित एवं धर्मनिष्ठ बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बीकानेर विभाग संगठन मंत्री भूपेश वैष्णव ने कहा कि 'विश्व हिंदू परिषद हिंदू समाज का संगठन है। देश और समाज में कहीं भी हिंदू समाज पर कोई आघात होता है तो संगठित रूप से उसका सामना करना हम सभी का दायित्व है। हम संगठित रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे।' उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता, संगठन और संस्कारों में निहित है। प्रत्येक हिंदू परिवार को संगठन से जोड़कर समाज को सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

जिला मंत्री फतेह सिंह जी ने कहा कि समाज में संस्कारों और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक सप्ताह एक घंटे का साप्ताहिक सत्संग आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित सत्संग के माध्यम से बच्चों और युवाओं को अपनी संस्कृति, धर्म एवं परंपराओं से जोड़ा जा सकता है, जिससे आने वाली पीढ़ी संस्कारवान, धर्मनिष्ठ और राष्ट्रभक्त बनेगी।

बैठक में संगठन के विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। मनोज जी संचेती को प्रखंड अध्यक्ष, पन्नालाल जी गोयल को उपाध्यक्ष, सांवरमल जी शर्मा को मंत्री, पवन जी शर्मा को बजरंग दल संयोजक, रामनिवास जी को धर्म प्रसार प्रमुख, बजरंग जी को विशेष संपर्क प्रमुख तथा भादर जी गोदारा को प्रचार-प्रसार प्रमुख का दायित्व सौंपा गया।

इस अवसर पर मदन सिंह जी भाटी, भागीरथ जी, ओमप्रकाश जी, मूलचंद जी प्रजापत, अमित जी चेतन जी सुंदरलाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित, संस्कारित एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।



पाक्षिक

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : गुरूवार 10 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


## अलवर में मिठाई के डिब्बों में निकले 500-500 के नोट



**जयपुर।** राजस्थान में निकाय चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के अंतिम दिन सीएम भजनलाल शर्मा ने जयपुर में रोड शो किया। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने जयपुर सहित प्रदेश में लव जिहाद की समस्या खत्म कर दी। हमने जो ढाई साल में काम किया है, उससे कांग्रेस के दर्द होने लगा है। इधर, अलवर में मंगलवार रात वार्ड 42 में एक कार में से लोग मिठाई के डिब्बे उतार रहे थे। इसी दौरान वहां भीड़ इकट्?ठा हो गई। भीड़ ने डिब्बे खोले तो मिल्ककेक के साथ 500-500 रुपए के नोट थे। पुलिस ने डिब्बों को जब्त कर लिए। अजमेर दक्षिण के वार्ड नंबर 20 में चुनाव प्रचार के दौरान अलग ही नजारा देखने को मिला। भाजपा प्रत्याशी राजेश शर्मा के समर्थन में जनसंपर्क करने पहुंचीं विधायक अनिता भदेल ने बुजुर्ग महिला वोटर के साथ डांस किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने सांगानेरी गेट से त्रिपोलिया गेट तक रोड शो किया। इस रोड शो के जरिए सीएम ने तीन विधानसभा क्षेत्र के करीब 20 वार्डों में बीजेपी का प्रचार किया।

# 18 निकायों में 86.54% मतदान

( खबर आस पास )



**जयपुर।** जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 नगर निकायों के लिए बुधवार को हुए मतदान में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कुल 3 लाख 90 हजार 378 मतदाताओं में से 3 लाख 37 हजार 835 ने मतदान किया। इस तरह कुल मतदान 86.54 प्रतिशत रहा। करीब 52,543 मतदाता वोट डालने बूथ तक नहीं पहुंचे।

सबसे ज्यादा मतदान कालाडेरा नगर पालिका में हुआ। यहां 10,674 मतदाताओं में से 9,521 ने वोट डाला, जो 89.20 प्रतिशत रहा। इसके बाद दूदू में 89.04प्रतिशत, बस्सी में 88.92 प्रतिशत और बाक्सू में 88.75त्न मतदान हुआ। सबसे कम मतदान सांभर में 80.65त्न रहा। फुलेरा में 80.99त्न और किशनगढ़ रेनवाल में 83.41त्न मतदान हुआ। सुबह धीमी, दोपहर बाद तेजी से बढ़ा मतदान 18 नगर निकायों में सुबह 10 बजे तक मतदान की रफ्तार धीमी रही। इस समय तक केवल 29.47त्न मतदाताओं ने वोट डाला था। इसके बाद मतदाताओं की आवाजाही बढ़ी और दोपहर 1 बजे तक मतदान प्रतिशत 58.29त्न पहुंच गया। दोपहर 3 बजे तक यह 72.66त्न हो गया। शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने तक कुल 86.54त्न मतदान दर्ज किया गया।

**विजय जुलूस पर 25 सितंबर तक रोक**-चुनाव के चलते पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में किसी भी तरह के विजय जुलूस पर रोक लगा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत 13 से 25 सितंबर तक विजय जुलूस, रैली और सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया है। पुलिस प्रशासन ने धारा-163 के आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### अब राजधानी की बारी, 2,204 पुलिस बूथों पर संभालेंगे मोर्चा

**जयपुर** नगर निगम चुनाव को लेकर प्रचार बुधवार शाम थम गया। गुरुवार को मतदान होगा। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2,204 पुलिस बूथ बनाए गए हैं। पुलिसकर्मियों को दो पारियों में रवाना किया गया है। पहली पारी के मतदान दलों को बुधवार सुबह 7 बजे बुलाया गया था। इसमें विद्याधर नगर के 298, झोटवाड़ा के 243, हवामहल के 241, सांगानेर के 264 समेत कई क्षेत्रों के मतदान दल शामिल रहे। दूसरी पारी के मतदान दलों को भी बुधवार सुबह बुलाया गया। मतदाता अपनी सुविधा के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मतदाता सूची में नाम और मतदान केंद्र की जानकारी देख सकते हैं।

## असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में अंग्रेजी विषय की नियुक्तियों पर रोक

### हाईकोर्ट ने आरपीएससी से मांगा जवाब; फाइनल आंसर-की जारी किए बिना इंटरव्यू कराने पर उठे सवाल

( खबर आस पास )



**जयपुर।** असिस्टेंट प्रोफेसर कॉलेज शिक्षा भर्ती-2025 में अंग्रेजी विषय के पदों पर नियुक्ति देने पर राजस्थान हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। न्यायाधीश गणेशराम मीणा की अदालत ने संजय आशिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। हालांकि अदालत ने राजस्थान लोक सेवा आयोग को भर्ती प्रक्रिया आगे जारी रखने की अनुमति दी है। कोर्ट ने उच्च शिक्षा सचिव और राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के सचिव से जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया कि आरपीएससी ने मॉडल उत्तर कुंजी में विवादित प्रश्नों पर दर्ज आपत्तियों का निस्तारण किए बिना ही साक्षात्कार शुरू कर दिए। फाइनल उत्तर कुंजी भी जारी नहीं की गई। याचिकाकर्ता का कहना था कि विवादित प्रश्नों का निस्तारण किए बिना नियुक्तियां होने पर चयनित अभ्यर्थियों के पक्ष में तीसरे पक्ष के अधिकार बन जाएंगे। अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने कोर्ट को बताया कि आरपीएससी ने 18 सितंबर 2025 को अंग्रेजी सहित 30 अन्य विषयों में सहोयक आचार्य पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ता ने अंग्रेजी विषय में आवेदन किया था। याचिका के अनुसार लिखित परीक्षा के सामान्य प्रश्नपत्र के 15, अंग्रेजी के प्रथम प्रश्नपत्र के 4 और द्वितीय प्रश्नपत्र के 7 सवालों पर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। आरोप है कि आयोग ने इन आपत्तियों का निस्तारण किए बिना और अंतिम उत्तर कुंजी जारी किए बिना साक्षात्कार शुरू कर दिए। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सामान्य प्रश्नपत्र के 15 विवादित सवालों का असर अन्य विषयों के अभ्यर्थियों पर भी पड़ सकता है।

छात्र को नोटिस देने पर मजिस्ट्रेट को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## 'नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे हुई'

### छात्र को कार्रवाई का नोटिस देने पर सीजेआई सूर्यकांत नाराज



( खबर आस पास )

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित 'कॉकरोच जनता पार्टी' के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रचार करने वाले विधि छात्र को नोटिस जारी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सवाल उठाया कि जब अदालत ने छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा रखी थी, तो मजिस्ट्रेट ने नोटिस कैसे जारी कर दिया।

**नोटिस वापस लेने के बावजूद कोर्ट ने जताई नाराजगी**

मामला दूसरे वर्ष के विधि छात्र अक्षत त्रिपाठी से जुड़ा है। ग्रेटर नोएडा के कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126/135 के तहत 4 सितंबर को उन्हें नोटिस जारी किया था। पुलिस रिपोर्ट में छात्र पर अन्य विद्यार्थियों को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए उकसाने और सरकार विरोधी बातें फैलाने का आरोप लगाया गया था। हालांकि बाद में नोटिस वापस ले लिया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वजीत भट्टाचार्य ने मामले को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष उठाते हुए इसे अदालत के आदेश की अवमानना बताया।

**'हमने साफ कहा था, कार्रवाई नहीं होगी'**

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अदालत ने 1 सितंबर के देशव्यापी निर्देश में छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक स्पष्ट की थी। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश का उल्लंघन कैसे कर सकता है न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने भी पूछा कि नोटिस वापस लिए जाने के बाद अब कार्रवाई का आधार क्या बचता है। सीजेआई ने मामले को याचिका के माध्यम से रिकॉर्ड पर लाने को कहा और संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण लेने की बात कही।

## भारत रत्न वैज्ञानिक प्रो. सीएनआर राव को मिला नोटिस, नाम में अतिरिक्त 'एफ' बनी वजह



**बेंगलुरु।** भारत रत्न से सम्मानित प्रख्यात वैज्ञानिक प्रोफेसर सीएनआर राव को कर्नाटक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नाम की वर्तनी में अंतर के कारण सुनवाई के लिए नोटिस मिला है। वर्ष 2002 की मतदाता सूची में उनका नाम 'प्रो. सी.एन.आर. राव' दर्ज है, जबकि वर्तमान सूची में नाम 'प्रोफ सी.एन.आर. राव' लिखा हुआ है।

नाम में अतिरिक्त 'एफ' को लेकर यह अंतर सामने आया है। नोटिस के तहत 92 वर्षीय प्रो. राव को मल्लेश्वरम स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के पास निर्धारित स्थान पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा गया है। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में पुराने और वर्तमान मतदाता रिकॉर्ड के बीच नाम संबंधी अंतर मिलने पर ऐसे मामलों में सुनवाई की जाती है। प्रो. सीएनआर राव बेंगलुरु में जन्मे देश के प्रमुख वैज्ञानिकों में शामिल हैं। उन्हें वर्ष 2014 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। वे यह सम्मान पाने वाले तीसरे वैज्ञानिक हैं। इसी तरह की नाम संबंधी वर्तनी की गड़बड़ी अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के रिकॉर्ड में भी सामने आई थी।

जोधपुर में भारत-जापान संयुक्त हवाई अभ्यास

## राजस्थान के आसमान में गरजेंगे तेजस, सुखोई और राफेल

**22 सितंबर तक चलेगा 'वीर गार्जियन'; जापान के एफ-2ए के साथ भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान भरेंगे उड़ान**



**नई दिल्ली।** राजस्थान के जोधपुर में बुधवार से भारत और जापान की संयुक्त सैन्य ताकत का प्रदर्शन होगा। नौ से 22 सितंबर तक आयोजित संयुक्त हवाई अभ्यास 'वीर गार्जियन' में जापान के एफ-2ए लड़ाकू विमानों के साथ भारतीय वायुसेना के तेजस, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय वायुसेना और जापान एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर इस द्विपक्षीय हवाई अभ्यास में शामिल होंगी। 14 दिवसीय अभ्यास में दोनों देशों के वायु योद्धा उन्नत परिचालन अभियानों को अंजाम देंगे। इससे दोनों वायु सेनाओं के बीच आपसी तालमेल और परिचालन क्षमताओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

**रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती**

'वीर गार्जियन' भारत और जापान के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को भी दर्शाएगा। अभ्यास के दौरान सामरिक दक्षता और आपसी तालमेल बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा। इससे दोनों देशों की वायु सेनाओं को एक-दूसरे की परिचालन प्रक्रियाओं और क्षमताओं को समझने का अवसर मिलेगा।

**पोखरण में 'ड्रोनथॉन-2026'**

इसी बीच भारतीय वायुसेना जैसलमेर के पोखरण क्षेत्र में 14 से 16 सितंबर तक 'ड्रोनथॉन-2026' का आयोजन करेगी। इसका उद्देश्य घरेलू निर्माताओं को ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों के प्रदर्शन तथा अपनी क्षमताएं दिखाने का अवसर देना है। अभ्यास के दौरान विभिन्न स्वदेशी तकनीकों और उनकी परिचालन क्षमता का आकलन भी किया जाएगा।

## बंगाल में भाजपा विधायक रेखा पात्र पर किसान परिवार को खेत से जबरन हटाने का आरोप

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज से भाजपा विधायक रेखा पात्र जमीन विवाद को लेकर विवादों में घिर गई हैं। किसान परिवार ने आरोप लगाया है कि विधायक ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर उन्हें उनकी जमीन से जबरन हटाने की कोशिश की और अदालत के निर्देशों की भी अवहेलना की। घटना से जुड़ा एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। रेखा पात्र का पैतृक घर संदेशखाली इलाके में है। यहां करीब नौ बीघा जमीन को लेकर उनके परिवार और पड़ोसी सुभाष नस्कर के परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष इस मामले में अदालत की शरण ले चुके हैं। सुभाष के परिवार का दावा है कि वे अदालत के निर्देश के अनुसार जमीन पर खेती कर रहे हैं और इसके समर्थन में उनके पास संबंधित दस्तावेज भी हैं।

पानी विवाद में मंत्री की अभद्र टिप्पणी

## 'उसे चप्पलों से मारो', कर्नाटक के मंत्री ने भाजपा विधायक पर की अभद्र टिप्पणी; कैमरे में कैद हुआ बयान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री एसएस मल्लिकार्जुन का भाजपा विधायक बीपी हरीश के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए वीडियो सामने आया है। घटना भद्रा जलाशय से सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर किसानों के साथ बातचीत के दौरान हुई।

**किसानों से बातचीत के दौरान बिगड़ा माहौल**

हरिहर क्षेत्र के किसानों का एक समूह सिंचाई के लिए भद्रा जलाशय से पानी की मांग को लेकर मंत्री से मिलने पहुंचा था। किसानों ने बताया कि वे विधायक हरीश की सलाह पर अपनी समस्या लेकर आए हैं। इसी दौरान मंत्री नाराज हो गए और विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। किसानों ने कहा कि पीने और मवेशियों के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं है। जब वे विधायक हरीश से समस्या बताते हैं तो वह उन्हें मंत्री से मिलने की सलाह देते हैं। इस पर मंत्री ने विधायक के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए ग्रामीणों से उन्हें 'चप्पलों से मारने' की बात कही। उन्होंने किसानों से विधायक को 'अन्ना' कहकर सम्मान नहीं देने को भी कहा।


**विधायक हरीश ने जताई नाराजगी**

मंत्री की टिप्पणी पर भाजपा विधायक बीपी हरीश ने कहा कि किसानों की समस्याएं सुनने के बजाय उनके बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि जनता इस व्यवहार का जवाब देगी। विधायक ने आरोप लगाया कि किसानों की पानी संबंधी समस्या का समाधान करने के बजाय मंत्री ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की।

भाजपा को चुनावी फंड और खर्च का ब्योरा

## बंगाल-असम समेत पांच राज्यों के चुनाव के लिए भाजपा को मिले 1,473 करोड़

**आयोग को सौंपा खर्च का हिसाब**



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के लिए कुल 1,472.8 करोड़ रुपये का फंड मिला। चुनाव आयोग को सौंपे गए खर्च के ब्योरे के अनुसार, पार्टी ने असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुल करीब 160 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

**असम में सबसे ज्यादा खर्च**

भाजपा ने सबसे अधिक 96.3 करोड़ रुपये असम में खर्च किए। इसके बाद तमिलनाडु में 51.6 करोड़ और पुडुचेरी में 11.9 करोड़ रुपये खर्च हुए। पार्टी ने इन तीनों राज्यों में आम चुनाव प्रचार पर करीब 130.4 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 29.6 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को एकमुश्त भुगतान और उनके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रचार पर खर्च किए गए। असम में अकेले स्टार प्रचारकों की यात्रा पर 27.3 करोड़ रुपये, विज्ञापन पर 37 करोड़ और प्रचार सामग्री पर 8.9 करोड़ रुपये खर्च हुए। उम्मीदवारों को करीब 19.4 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान किया गया।

**पश्चिम बंगाल और केरल का ब्योरा बाकी**

चुनाव आयोग ने अभी पश्चिम बंगाल और केरल में भाजपा के चुनावी खर्च का विवरण सार्वजनिक नहीं किया है। पार्टी के अनुसार, 15 मार्च 2026 को उसका शेष कोष 6,722.6 करोड़ रुपये था, जो 6 मई को चुनाव खत्म होने के समय बढ़कर 7,627.2 करोड़ रुपये हो गया। तमिलनाडु में भाजपा ने आम प्रचार के लिए 44.5 करोड़ और उम्मीदवारों पर करीब 7 करोड़ रुपये खर्च किए।

मोदी टिप्पणी मानहानि मामले में राहुल को झटका

## 'चोरों का सरदार' टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को झटका, समन रद्द करने से हाई कोर्ट का इनकार

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर 'चोरों का सरदार' टिप्पणी करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली। अदालत ने 2019 में मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी।

**मजिस्ट्रेट के आदेश में नहीं मिली खामी**

न्यायमूर्ति एनआर बोरकर की एकल पीठ ने कहा कि मजिस्ट्रेट के आदेश में ऐसी कोई गड़बड़ी या गैरकानूनी बात नहीं मिली, जिसके आधार पर हाई कोर्ट हस्तक्षेप करे। अदालत ने इसी आधार पर राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी ने गिरगांव मजिस्ट्रेट के 28 अगस्त 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में उनके खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। शिकायत भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले एमएच श्रीश्रीमल ने दर्ज कराई थी।

**राफेल सौदे को लेकर की थी टिप्पणी**

शिकायत के अनुसार, राहुल गांधी ने सितंबर 2018 में राजस्थान की एक जनसभा में राफेल लड़ाकू विमान सौदे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी की थी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल ने अपने सामाजिक माध्यम खाते पर प्रधानमंत्री को 'कमांडर-इन-चीफ' कहने वाला वीडियो साझा किया था।

पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चेतावनी की मांग

## पैकेट पर साफ दिखे 'ज्यादा चीनी-नमक-फैट' की चेतावनी चाहते हैं उपभोक्ता

**सर्वे में 88 प्रतिशत ने कहा-छह महीने में लागू हों नियम**



**नई दिल्ली।** पैकेटबंद खाद्य और पेय पदार्थों में चीनी, नमक या संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होने पर इसकी स्पष्ट जानकारी पैकेट के सामने ही देने की मांग बढ़ रही है। लोकल सर्कल्स के सर्वे में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने कहा कि इनमें से किसी एक की मात्रा भी तय सीमा से अधिक होने पर चेतावनी अनिवार्य होनी चाहिए।

**88 ने मांगा बड़ा और स्पष्ट चेतावनी लेबल**

सर्वे में 23,516 प्रतिक्रियाएं मिलीं। इनमें 88 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने कहा कि चेतावनी लेबल इतना बड़ा और स्पष्ट होना चाहिए कि उसे पैकेट के सामने से आसानी से पढ़ा जा सके। वहीं 20,525 लोगों में से 53 प्रतिशत ने कहा कि चेतावनी केवल मिलाई गई सामग्री पर नहीं, बल्कि उत्पाद में मौजूद चीनी, नमक और संतृप्त वसा की कुल मात्रा के आधार पर होनी चाहिए। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में पैकेट के सामने चित्र आधारित चेतावनी देने का प्रस्ताव रखा था। इसमें लाल षट्भुज में 'ज्यादा चीनी', 'ज्यादा नमक' और 'ज्यादा फैट' जैसी चेतावनी देने का प्रावधान प्रस्तावित है।

**दूसरे चरण का इंतजार नहीं चाहते उपभोक्ता**

प्रस्तावित व्यवस्था के पहले चरण में चेतावनी उन उत्पादों पर लागू होगी, जिनमें चीनी, नमक और संतृप्त वसा में से कम से कम दो की मात्रा तय सीमा से अधिक होगी। सर्वे में उपभोक्ताओं ने कहा कि केवल एक सामग्री अधिक होने पर भी चेतावनी दी जानी चाहिए। नियम लागू करने की समय-सीमा पर 20,068 लोगों में से 88 प्रतिशत ने छह महीने के भीतर नई व्यवस्था लागू करने की मांग की।

# शहर की सरकार को चुनने को दिखा उत्साह, शहर में 68.71 प्रतिशत मतदान, कई जगह हुआ हंगामा

















## ईवीएम के खराब होने की दिन भर रही शिकायतें

**बीकानेर (खबर आस पास)** । शहर की सरकार को चुनने के लिये करीब 79 वार्डों में बुधवार सुबह 7 बजते ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई। वोटर्स पोलिंग बूथ पर पहुंचे और अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर रहे हैं। शहर के कुछ केंद्रों पर सुबह ही लाइन लगी नजर आई,जबकि कई वार्डों में शुरुआत में वोटर्स की संख्या काफी कम दिखाई। कई बूथ ऐसे भी रहे,जहां ईवीएम मशीनें खराब होने से एक से दो घंटे बाद वोटिंग शुरू हुई। बताया जा रहा है कि वार्ड 32,वार्ड 74,75 में देरी से मतदान शुरू हुआ तो वार्ड 50 में करीब आधे घंटे मतदान रूका रहा। तो वार्ड 47 में फर्जी वोटिंग की सूचना सामने आई है।

**वार्ड 74 और 75 नंबर बूथ पर हंगामा**

जानकारी मिली है कि वार्ड 74 के बूथ मोहता भवन में करीब एक घंटे तक मशीन शुरू नहीं होने तथा वार्ड 58 के एम एम स्कूल व 75 के जनेश्वर भवन में करीब दो घंटे से ज्यादा मशीन खराब होने से शुरू नहीं हुए मतदान के कारण मतदाताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। लोगों का क हना था कि मशीनों का प्रशिक्षण लेने के बाद भी यहां मतदान दल को मशीन ऑपरेट करनी नहीं आई। मशीनों के खराब होने के बावजूद भी सजगता नहीं दिखाई गई। ऐसे लग रहा था कि सरकार के दबाव में आरओ व एसओ काम कर रहे है। वहीं वार्ड 50 के बूथ संख्या 6 पर बीच मतदान मशीन खराब हो गई। वार्ड 32 में भी आधे घंटे मशीन नहीं चलने से मतदान में बाधा उत्पन्न हुई। लोगों ने जानबूझकर मशीनें खराब करने की शिकायतें लोग करते नजर आएं।

**दोपहर तक पचास प्रतिशत से ज्यादा पड़े वोट**

बीकानेर में मतदान की शुरुआत जरूर धीमी रही है। लेकिन धीरे धीरे मतदान का प्रतिशत बढ़ने लगा। शुरूआती दो घंटे में जहां 10 प्रतिशत ही वोट पड़े। वहां दोपहर बाद प्रतिशत बढ़ पचास से उपर पहुंच गया। यहां बड़ी संख्या में नए वोटर भी मतदान के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल,पूर्व मंत्री डॉ बी डी कल्ला,बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, विधायक सिद्धिकुमारी सहित अन्य नेताओं ने मतदान किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने मतदान किया। वार्ड नंबर 44 भाग 2 राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय नत्थूसर बास में मतदान किया।

**80 वार्डों में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला**

राजनीतिक पार्टियों के साथ ही कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी भी पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में हैं। बीकानेर के 80 वार्डों में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। हालांकि,मेयर बनाने में निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका भी अहम हो सकती है।

**6 नगर पालिकाओं में 11 सितंबर को मतदान**

बीकानेर जिले की 6 नगर पालिकाओं के लिए 11 सितंबर को मतदान होगा। सभी निकायों की मतगणना 14 सितंबर को होगी।

**7 साल बाद नई सरकार के लिए दिग्गजों की साख दांव पर**

नगर निगम की नई सरकार चुने जाने के लिए बुधवार को होने वाले मतदान को लेकर पूरे शहर का सियासी पारा अपने चरम पर है। करीब 7 साल के लंबे अंतराल के बाद नगर निगम के चुनाव हो रहे हैं। यूं तो निगम के 79 वार्डों पर पूरे शहर और राजनीतिक दलों की पैनी नजर टिकी हुई है। हैरानी की बात यह है कि जिन वार्डों को सबसे सुरक्षित या वीआईपी समझकर दिग्गजों ने अपनी जमीन मजबूत मान ली थी जमीनी स्तर पर वहीं हालात सबसे ज्यादा उलझे हुए हैं। इन सीटों पर दिग्गजों को पार्टी के भीतर से उठ रहे बागियों की बगावत का सामना करना पड़ रहा है तो क हीं सीधा और कड़ा मुकाबला त्रिकोणीय संघर्ष में बदल गया है।कांग्रेस खेमे से कई बड़े और कद्दावर चेहरे चुनावी मैदान में उतरे हैं, लेकिन उनके सामने अपनों की नाराजगी और विपक्षी दलों की रणनीतियों ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। भाजपा में भी टिकट से पहले जो वार्ड सबसे ज्यादा सुरक्षित माने जा रहे थे अब उन्हीं वार्डों में एक-एक वोट की कीमत इतनी बढ़ गई कि प्रत्याशी मुश्किल में फंस गए हैं। क्षेत्र में मिल रही चुनौती और वोटर का शांत होना प्रत्याशियों को डरा रहा है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

बीकानेर श्रेयांस बैद,9 सितंबर। जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने जिला उद्योग केंद्र और जैन पीजी कॉलेज स्थित मतदान केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने मतदान शुरुआत होने के साथ ही विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने निर्वाचन से जुड़ी व्यवस्था को देखा और मतदान कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी मतदाता को मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरश: पालना करते हुए पूरी प्रकिया की जाए।

**जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीकानेर विकास प्राधिकरण परिसर में स्थापित जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में प्राप्त परिवादों की जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक क्वेरी का तत्काल निस्तारण किया जाए। नियंत्रण कक्ष पूर्ण मुस्तैद रहे।

इस दौरान नगर निगम की रिटर्निंग अधिकारी रीना, बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव हेमेन्द्र नागर, नियंत्रण कक्ष प्रभारी एल डी पंवार आदि मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत नाल बड़ी में विकास कार्यों एवं अभिलेखों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)** । जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने मंगलवार को ग्राम पंचायत नाल बड़ी का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में करवाए गए विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में गत वर्षों में लगाए गए पौधों का भी निरीक्षण किया। पौधों की अच्छी ग्रोथ एवं देखभाल देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस वर्ष ग्राम पंचायत क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण करवाने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से बढ़ावा देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न अभिलेखों एवं रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया गया। पांडे ने रिकॉर्ड के संधारण एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी राम निवास सिवाल को ग्राम पंचायत की निजी आय बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास करने को कहा, ताकि पंचायत के पास उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए स्थानीय विकास कार्यों को गति दी जा सके। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पहुंचाने के साथ कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति बीकानेर के सहायक अभियंता अभिनव भादू, सहायक विकास अधिकारी लालचंद परिहार, जिला परिषद के सहायक लेखाधिकारी ओम प्रकाश तथा कनिष्ठ सहायक ओम प्रकाश सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

## वार्ड 28 में भाजपा नेता पर मारपीट करने व धमकीया देने का आरोप

**बीकानेर(खबर आस पास)**। निकाय चुनावों को लेकर शहर में वोटिंग जारी है कई जगहों पर छूटपूट घटनाओं के साथ शांतिपूर्वक मतदान चल रहे है। इसी बीच वार्ड 28 से एक वीडियों सामने आया जिसमें एक युवक भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन सुराणा व उसके भतीजे पर गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार करीब साढ़े बारह बजे गंगाशहर क्षेत्र से मतदान केन्द्र पर हंगामा हो जाने की खबर सामने आई है। इस सम्बंध में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जो कि वार्ड 28 का बताया जा रहा है। जिसमें सुधीर लूणावत ने वीडियो में बताया कि भाजपा नेता ने उसके साथ वार्ड प्रत्याशी के प्रतिनिधि ने उसके साथ बहसबाजी की और धमकी दी। लूणावत ने बताया कि भाजपा नेता के भतीजे ने उसके साथ मारपीट की।

## पर्युषण के दूसरे दिन स्वाध्याय दिवस पर महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल में उमड़ा श्रावक-श्राविकाओं का जनसैलाब




**मुंबई, (खबर आस पास)**। पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन स्वाध्याय दिवस के अवसर पर महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल, कालबादेवी में धर्माराधना का विशेष वातावरण देखने को मिला। प्रात:कालीन प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित होकर स्वाध्याय एवं धर्माराधना का लाभ लिया।

कार्यक्रम का मंगलाचरण श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, दक्षिण मुंबई द्वारा किया गया। मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का आध्यात्मिक शुभारंभ हुआ और पूरा परिसर धर्ममय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। दक्षिण मुंबई के साथ-साथ दादर, परेल एवं एलफिंस्टन क्षेत्र के तेरापंथ समाज से भी अनेक श्रावक-श्राविकाएं विशेष रूप से प्रवचन का लाभ लेने के लिए महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल पहुंचे।

स्वाध्याय दिवस के उपलक्ष्य में शासनश्री साध्वी श्री कंचनप्रभाजी ने कहा- स्वाध्याय अपने आपको देखने का हिन है। स्वाध्याय के साथ अगर विचार व्यवहार जुड़ जाता है तो अपने आप एक नवीन जीवन शैली प्रतिष्ठित होती है, तथा मन आत्म उपलब्धि की और चला जाता है।

शासनश्री साध्वीश्री मंजूरेखाजी ने कहा - स्वाध्य के साथ अगर अनुप्रेक्षा का क्रम बन जाता है तो अपने आप समज में आ जाता है कि जीवन में खोया क्या पाया।

स्वाध्याय क्या है? इस विषय पर साध्वीश्री निर्भयप्रभाजी ने विचार व्यक्त किए। शासन श्री साध्वीश्री मंजुरेखाजी, उदितप्रभाजी, निर्भयप्रभाजी तथा चेलनाश्रीजी ने, सुमधुर गीत के द्वारा माहोल को स्वाध्यायमय बना दिया। स्वाध्याय दिवस के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं ने आत्मचिंतन, ज्ञानाराधना एवं आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। पर्युषण के इन पावन दिनों में बड़ी संख्या में समाजजनों की सहभागिता से आयोजन की आध्यात्मिक गरिमा और अधिक बढ़ी। समाचार प्रेषक नितेश धाकड़ एवं दर्शन डागलिया।

## तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क के भव्य शुभारंभ का बैनर अनावरण : दक्षिण मुंबई




**मुंबई, (खबर आस पास)**। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के निर्देशन में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, मुंबई द्वारा तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क आयाम का आगामी 25 अक्टूबर को विधिवत एवं भव्य शुभारंभ किया जाएगा। इसी महत्वपूर्ण आयोजन के पूर्व आज महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल, कालबादेवी में तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क के शुभारंभ से संबंधित बैनर का अनावरण किया गया।

बैनर अनावरण का कार्यक्रम शासनश्री साध्वीश्री कंचनप्रभाजी, शासनश्री साध्वीश्री मंजूरेखाजी आदि ठाणा-5 के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। मुंबई सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणपत डागलिया द्वारा बैनर का अनावरण किया गया।

तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क का उद्देश्य तेरापंथ समाज के व्यवसायियों एवं उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करते हुए आपसी परिचय, संपर्क, सहयोग एवं व्यावसायिक समन्वय को बढ़ावा देना है। यह आयाम समाज के व्यापारिक एवं उद्यमशील युवाओं तथा व्यवसायियों को एक-दूसरे से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

इस अवसर पर किशन डागलिया, कुंदन धाकड़, सुरेश डागलिया, देवेंद्र डागलिया, गिरीश शिसोदिया, सुमित सुराना, नरेंद्र मुनोत, श्रेयांश मुनोत, लक्ष्मीलाल डागलिया, किशन राठौड़, नितेश धाकड़ एवं रवि डोसी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

आगामी 25 अक्टूबर को होने वाले तेरापंथ बिजनेस नेटवर्क के भव्य शुभारंभ को लेकर समाज में उत्साह का वातावरण है। इस आयाम के माध्यम से तेरापंथ समाज के व्यवसायिक समुदाय को नई दिशा, नए संपर्क और सहयोग के नए अवसर मिलने की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है।

## संगठित हिंदू समाज ही सुरक्षित और संस्कारित समाज का आधार : भूपेश वैष्णव



**मोमासर (खबर आस पास)**। विश्व हिंदू परिषद मोमासर प्रखंड की बैठक आज भोमिया जी मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, हिंदू समाज की एकजुटता तथा आने वाली पीढ़ी को संस्कारित एवं धर्मनिष्ठ बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बीकानेर विभाग संगठन मंत्री भूपेश वैष्णव ने कहा कि 'विश्व हिंदू परिषद हिंदू समाज का संगठन है। देश और समाज में कहीं भी हिंदू समाज पर कोई आघात होता है तो संगठित रूप से उसका सामना करना हम सभी का दायित्व है। हम संगठित रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे।' उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता, संगठन और संस्कारों में निहित है। प्रत्येक हिंदू परिवार को संगठन से जोड़कर समाज को सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

जिला मंत्री फतेह सिंह जी ने कहा कि समाज में संस्कारों और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक सप्ताह एक घंटे का साप्ताहिक सत्संग आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित सत्संग के माध्यम से बच्चों और युवाओं को अपनी संस्कृति, धर्म एवं परंपराओं से जोड़ा जा सकता है, जिससे आने वाली पीढ़ी संस्कारवान, धर्मनिष्ठ और राष्ट्रभक्त बनेगी।

बैठक में संगठन के विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। मनोज जी संचेती को प्रखंड अध्यक्ष, पन्नालाल जी गोयल को उपाध्यक्ष, सांवरमल जी शर्मा को मंत्री, पवन जी शर्मा को बजरंग दल संयोजक, रामनिवास जी को धर्म प्रसार प्रमुख, बजरंग जी को विशेष संपर्क प्रमुख तथा भादर जी गोदारा को प्रचार-प्रसार प्रमुख का दायित्व सौंपा गया।

इस अवसर पर मदन सिंह जी भाटी, भागीरथ जी, ओमप्रकाश जी, मूलचंद जी प्रजापत, अमित जी चेतन जी सुंदरलाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित, संस्कारित एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।